संख्या- 22/2019/534/71-2-19-आर0एम-26/2016

प्रेषक,

डा0 रजनीश दुबे,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान,
गोमतीनगर, लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-2 लखनऊः दिनांक 08 मार्च, 2019

विषयः- डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में डा0 राम मनोहर लोहिया संयुक्त चिकित्सालय के विलय के पश्चात संस्थान में चिकित्सा शिक्षकों/चिकित्सकों एवं अन्य स्टाफ के पदों के सृजन के संबंध में।

---

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया अपने पत्रांक-3709/Estb(Gen)/RMLIMS/2018, दिनांक 12 दिसम्बर, 2018 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि डा0 राम मनोहर लोहिया संयुक्त चिकित्सालय का मर्जर डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, गोमतीनगर लखनऊ में होने के फलस्वरूप शैक्षणिक संवर्ग के निम्नलिखित कुल 16 पदों, को अस्थायी रूप से दिनांक 29-2-2020 तक के लिए, बशर्ते इन पदों को इससे पूर्व बिना किसी सूचना के समाप्त न कर दिया जाय, सृजित किये जाने की राज्यपाल महोदय द्वारा सहर्ष स्वीकृति प्रदान की जाती है:-

| क्र0 | विभाग का नाम | पदनाम | संख्या | दिनांक 01-1-2006 से लागू वेतन बैण्ड / ग्रेड वेतन (रू0 में) | दिनांक 01-1-2016 से लागू पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स में लेवल/ वेतनमान (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Microbiology | Assistant Professor | 01 | 15600-39100/ 8000 | 12/ 101500-167400 |
| 2 | General Medicine | | 01 | | |
| 3 | Pediatrics | | 01 | | |
| 4 | Tuberculosis & Respiratory Disease | | 01 | | |
| 5 | Dermatology Venereology & Leprosy | | 01 | | |
| 6 | Psychiatry | | 01 | | |
| 7 | General Surgery | | 01 | | |
| 8 | Orthopedics | | 01 | | |
| 9 | ENT | | 01 | | |
| 10 | Opthalmology | | 01 | | |
| 11 | Obstetrics & Gynaecology | | 02 | | |
| 12 | Radiodiagnosis | Associate Professor | 01 | 37400-67000/ 9000 | 13A1/ 131400-204700 |
| 13 | Blood Bank | Associate Professor | 01 | | |
| | | Assistant Professor | 02 | 15600-39100/ 8000 | 12/ 101500-167400 |
| | | Total- | 16 | | |

---

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

3- सृजित किये जा रहे पदों के संबंध में बतायी गयी आवश्यकता एवं मानक/शैक्षिक अर्हता/भर्ती का स्रोत आदि के संबंध में पूर्ण उत्तरदायित्व निदेशक, डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान का होगा।

4- पदों पर भर्ती/नियुक्ति की कार्यवाही निर्धारित व्यवस्था/नियमों के अनुसार सुनिश्चित की जायेगी।

5- प्रश्नगत पदों पर भर्ती वास्तविक आवश्यकता होने पर क्रमिक रूप से सुनिश्चित की जायेगी।

6- इस संबंध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-31-चिकित्सा विभाग (चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण) के लेखाशीर्षक ''2210-चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य-05-चिकित्सा शिक्षा, प्रशिक्षण तथा अनुसंधान-105-एलोपैथी-03-शिक्षा-0325-डा0 राममनोहर लोहिया इन्स्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज, गोमतीनगर, लखनऊ-31-सहायता अनुदान-सामान्य (वेतन)'' के नामे डाला जायेगा।

7- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-3/360/दस/2019, दिनांक 06 मार्च, 2019 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

भवदीय,

( डा0 रजनीश दुबे )
प्रमुख सचिव।

संख्या- 22/2019/534(1)/71-2-19-तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1) महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद ।
2) प्रमुख सचिव, श्री राज्यपाल, उ0प्र0।
3) प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री, उ0प्र0।
4) प्रमुख सचिव, चिक्तिसा स्वास्थ्य एवं परिवार विभाग, उ0प्र0 शासन।
5) महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0।
6) मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ ।
7) वित्त अधिकारी, डा0रा0म0लो0 आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ।
8) वित्त ई-3/नियोजन अनुभाग-4/वित्त (वे0आ0-1/वित्त (आय-व्ययक)-1
9) गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

( कुलदीप कुमार रस्तोगी )
उप सचिव।

---

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in